ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 15 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com


## AI की मदद से गन्ने की खेती, किसानों को बंपर फायदा, लागत कम और अधिक उपज.. होगी मोटी कमाई



आज के आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल हर क्षेत्र में किया जा रहा है. इससे काम करना पहले से कहीं ज्यादा आसान साबित हो रहा है. अब कृषि के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली जा रही है, जिससे किसानों के लिए आर्थिक लाभ और कम लागत के साथ बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की गारंटी दे रहा है. महाराष्ट्र के बारामती स्थित कृषि ट्रस्ट ने माइक्रोसॉफ्ट की जैसी दुनिया की दिग्गज कंपनी के सहयोग से इसे सिद्ध कर दिखाया है.

बारामती कृषि विकास ट्रस्ट, माइक्रोसॉफ्ट, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एआई का इस्तेमाल कर कम लागत में अधिक उपज देने वाला गन्ना फार्म विकसित किया है. करीब एक हजार किसानों के खेतों में गन्ने पर यह प्रयोग किया गया है और इसके अच्छे और लाभकारी रिजल्ट सामने आए हैं. बता दें कि, भारत एक कृषि प्रधान देश है और आज भी यहां पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर कृषि की जाती है. हम कृषि में बड़े पैमाने पर किए जा रहे विभिन्न शोधों को देखते हैं. महाराष्ट्र में गन्ने की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है और पिछले कई सालों से गन्ने की खेती पारंपरिक तरीके से की जाती रही है.

हालांकि, अब देश में पहला प्रयोग बारामती के कृषि विकास ट्रस्ट के माध्यम से किया गया है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का उपयोग करके कम लागत पर अधिक उपज वाले गन्ने की खेती करना संभव हो गया है.

### कम लागत पर अधिक उपज वाले गन्ने की खेती

एआई के माध्यम से किया गया यह गन्ना खेती प्रयोग बारामती में कृषि विज्ञान केंद्र की जमीन पर 'कृषि 2025' कृषि प्रदर्शनी में किसानों को दिखाया जा रहा है. इस बार बड़ी संख्या में नागरिक इस तकनीक को लेकर अपनी उत्सुकता दिखा रहे हैं.

### 40 फीसदी तक बढ़ेगा किसानों का उत्पादन

पिछले कुछ सालों में कृषि और गन्ने की खेती में बड़ी मात्रा में तकनीक और विभिन्न शोध सामने आए हैं. इसके बावजूद कई लोग अभी भी पारंपरिक खेती के तरीकों का इस्तेमाल करते हैं और कृषि में पूरी जानकारी के अभाव में उत्पादन लागत बढ़ जाती है और उत्पादन भी कम हो जाता है. हालांकि, आगे से ऐसा नहीं होगा. अब एआई के जरिए किए गए इस प्रयोग से किसानों को 40 फीसदी तक उत्पादन बढ़ाने, 20 से 40 फीसदी उत्पादन लागत कम करने और 30 फीसदी पानी बचाने में मदद मिलेगी.

### एक हजार किसानों के खेतों पर किया गया प्रयोग

इस संबंध में डॉ. भूषण गोसावी ने बताया कि, उन्होंने गन्ने की उपज बढ़ाने के क्षेत्र में एक नई क्रांति की है. इसमें एआई का उपयोग करके गन्ने की उपज को 160 टन प्रति एकड़ से अधिक कैसे बढ़ाया जा सकता है, इस पर एक प्रेजेंटेशन दिया गया है. गन्ने की खेती को लेकर एआई का प्रयोग तीन साल पहले शुरू किया गया था. फॉर्म ऑफ द फ्यूचर के माध्यम से इस उद्देश्य से शोध शुरू किया है कि कैसे किसान आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फसलों में क्रांति ला सकते हैं. किसान एआई तकनीक की मदद से कैसे पानी की खपत कम कर सकते हैं, फर्टिलाइजर (उर्वरक) की खपत कम कर सकते हैं और गन्ने का उत्पादन बढ़ा सकते हैं.

### AI की मदद से अब गन्ने की खेती

गोसावी ने बताया कि मार्च 2024 से एक हजार किसानों के खेतों में यह प्रयोग शुरू किया गया था. उन्होंने बताया कि, एआई के माध्यम से किसानों को हर अपडेट उपलब्ध होगा. गोसावी ने कहा, "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के माध्यम से हमारे लिए मिट्टी, भूमि की जानकारी, उर्वरक की जानकारी, जलवायु परिवर्तन की जानकारी और हमारे खेत में वास्तव में क्या आवश्यक है, इसकी जानकारी प्राप्त करना संभव हो गया है.

## पंजाब में मंदिर पर बम से हमला, पाकिस्तानी एजेंसी ISI के हाथ होने की आशंका



पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार देर रात एक विस्फोट की खबर आई है. अमृतसर के शेरशाह सूरी मार्ग पर वार्ड नंबर 83 में बने ठाकुरदुआरा मंदिर में देर रात धमाका हुआ. मंदिर पर कथित रूप से बम जैसी कोई चीज फेंककर हमला किया गया. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. हमले के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस मौके पर पहुंच गयी है.

**पाकिस्तानी एजेंसी पर निशाना:** पुलिस कमिश्नर भुल्लर ने कहा कि आए दिन पाकिस्तानी एजेंसियां गरीब परिवारों के युवाओं को ऐसी हरकतें करने के लिए उकसाती हैं. पिछले सुलझे मामलों में भी यह साफ हो चुका है कि आईएसआई गरीब वर्ग को निशाना बना रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि वे प्रभाव या पैसे के लालच में ऐसा न करें, उन्हें इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा.

**पुलिस कर रही जांच:** शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों युवक मोटरसाइकिल पर आए थे. वे कुछ देर तक मंदिर के बाहर खड़े रहे और फिर मंदिर की ओर कुछ फेंक दिया. जैसे ही वे वहां से भागे, मंदिर में एक जोरदार विस्फोट हुआ. हमलावरों ने पहली मंजिल पर बम फेंका था. इससे मंदिर की पहली मंजिल का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है.

**हमले की निंदा:** इलाके के अकाली दल के किरणप्रीत सिंह मोनू ने कहा कि "पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है, पहले पुलिस चौकियों पर हमले होते थे लेकिन अब मंदिरों पर हमले कर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है. आज होला महल्ला है और लोग आनंदपुर साहिब में होला महल्ला खेलने जा रहे हैं लेकिन यहां अमृतसर में मंदिरों पर हमले हो रहे हैं."

## होली-जुमा पर 4 राज्यों में हिंसा, ASI की मौत:बिहार-झारखंड और पंजाब में दो गुटों में पथराव; बंगाल के बीरभूम में इंटरनेट बंद



होली और जुमा पर शुक्रवार को 4 राज्यों में हिंसक घटनाएं हुईं। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक ASI की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है।

झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। विवाद किस बात को लेकर था, यह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है। पश्चिम बंगाल में भी हिंसा हुई है। भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा IT सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी तस्वीरें पोस्ट की हैं। मालवीय ने आरोप लगाया कि बरुईपुर, जादवपुर और मुर्शिदाबाद समेत पूरे प्रदेश में इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। बंगाल के ही बीरभूम में 17 मार्च तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम अफवाहों को रोकने के लिए उठाया गया है। जिले में पत्थरबाजी की घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात की गई है।

## कर्नाटक में मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर्स में 4% रिजर्वेशन सिद्धारमैया कैबिनेट से प्रस्ताव पास, कानून इसी सत्र में बदला जाएगा



कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर में 4 प्रतिशत आरक्षण देगी। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट (KTPP) एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट (KTPP) एक्ट में बदलाव का बिल विधानसभा के इसी बजट सेशन में लाया जाएगा। विधानसभा से पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा।

कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- भाजपा इसके खिलाफ है और हम इसका विरोध करते रहेंगे। सरकारी ठेकों में आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है। सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर इसकी अनुमति दी जा सकती है, लेकिन किसी धार्मिक समुदाय को सीधे तौर पर आरक्षण देना स्वीकार्य नहीं है।

## बेरोजगार को कामधंधा दिलाएगी युवक कांग्रेस, अगले माह जयपुर में लगाएगी जॉब फेयर



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः प्रदेश में युवाओं को जोड़ने के लिए युवा कांग्रेस नई पहल करेगी. बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा कांग्रेस उनको अपने पाले में लाने का प्रयास करेगी. प्रदेश युवा कांग्रेस अप्रैल के पहले सप्ताह में राजधानी जयपुर में एक दिवसीय जॉब फेयर लगाएगी. इसमें करीब 40 निजी कंपनियां शामिल होंगी.

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया का कहना है कि प्रदेश सरकार युवाओं से बड़े वादे कर उनका वोट लेकर सत्ता में आ गई, लेकिन युवाओं को रोजगार उपलब्ध नहीं करा रही है. इस सरकार में सवा साल से नई भर्ती नहीं हुई. जो भर्ती हो रही है, वह पूर्ववर्ती कांग्रेस के सरकार के समय की है. पूनिया का कहना है प्रदेश में बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ रही है ऐसे में युवा कांग्रेस ने अपने स्तर पर युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की मुहिम शुरू की. जॉब फेयर में 40 से ज्यादा निजी कंपनियां शामिल होंगी.पूनिया के अनुसार, दसवीं पास से लेकर उच्च शिक्षित युवा नौकरी के लिए आवेदन करेंगे, जिनका साक्षात्कार के बाद हाथों-हाथ जॉइनिंग लेटर भी दिया जाएगा.

## मार्च 2026 तक माओवादियों के सफाए का लक्ष्य, नक्सल गढ़ों में घुसकर बड़ी कार्रवाई की तैयारी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः सुरक्षाबल नक्सलियों के गढ़ में घुसकर उन्हें कुचलने की तैयारी कर रहा है. छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने अपना अभियान और तेज कर दिया है. खुफिया इनपुट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने राज्य में छिपे नक्सल कैडर को निशाना बनाकर "लक्षित तलाशी अभियान" शुरू कर दिया है. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के महानिदेशक जीपी सिंह ने हाल ही में छत्तीसगढ़ का दौरा कर नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा की. कितनी गिरफ्तारी हुईः सुरक्षा एजेंसियों के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 15 से 28 फरवरी के बीच आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ से 24 माओवादियों को पकड़ा गया है. गिरफ्तार किये गये कुल 24 माओवादियों में से 22 छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किये गये. जबकि, आंध्र प्रदेश से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया. आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि के दौरान झारखंड से 10 और छत्तीसगढ़ से चार यानी कि कुल 14 हथियार भी बरामद किए गए.

## एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस का IPO 20 मार्च को ओपन होगा:25 मार्च तक बिडिंग कर सकेंगे निवेशक, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,700




24 न्यूज अपडेट

एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 20 मार्च को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 25 मार्च तक बिडिंग कर सकेंगे। 28 मार्च को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 600 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2,85,71,428 फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे। एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस ने IPO का प्राइस बैंड 200-210 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 70 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 210 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 910 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,91,100 इन्वेस्ट करने होंगे।

## शेयर बाजार में करते है निवेश तो मार्केट में यूज होने वाले टर्म को जरूर जानें



24 न्यूज अपडेट

सभी कंपनियों को अपना कारोबार चलाने के लिए पैसे की जरूरत होती है. कई बार सामान या सेवाओं को बेचने से मिलने वाला मुनाफा वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होता. इसलिए कंपनियां आप और मेरे जैसे आम लोगों को अपनी कंपनी में कुछ पैसे लगाने के लिए इनवाइट करती हैं ताकि वे इसे कुशलता से चला सकें और बदले में, निवेशकों को उनके कमाए गए मुनाफे का हिस्सा मिले.

स्टॉक क्या है?

स्टॉक केवल पैसे बनाने के लिए एक निवेश मेंथड है. जब आप किसी कंपनी के स्टॉक में निवेश करते हैं, तो इसका मतलब है कि आप उस कंपनी के शेयर के मालिक हैं जिसने स्टॉक जारी किया है. स्टॉक निवेश कुछ सबसे सफल कंपनियों में निवेश करने का एक तरीका है.

शेयर मार्केट में अक्सर कई ऐसे शब्दों या टर्म का यूज किया जाता है, जिसके बारे में ज्यादातर लोगों को पता नहीं होता है. अगर आप भी शेयर बाजार में नए है और आपको इन शेयर बाजार के टर्म के बारे में नहीं पता है तो ये खबर आपके लिए है.

## इस हफ्ते सोना 784 और चांदी 1,598 महंगी हुई:सोने के भाव 86,843 के ऑल टाइम हाई पर; 72 दिन में 10,681 रुपए महंगा हुआ



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोना-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम पिछले क्लोजिंग यानी 7 मार्च से 784 रुपए बढ़कर 13 मार्च को 86,843 रुपए पर पहुंच गया। गुरुवार (13 मार्च) को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल 1 जनवरी से अब तक 72 दिन में सोने की कीमतें 10,681 रुपए बढ़ी हैं। वहीं, एक किलो चांदी भी हफ्तेभर के कारोबार के बाद 7 मार्च से 1,598 रुपए बढ़कर 98,322 पर पहुंच गई। एक हफ्ते पहले यानी 7 मार्च को इसकी कीमत 96,724 रुपए प्रति किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## संपादकीय : साझेदारी का सफर

भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है और दुनिया में समकालीन उथल-पुथल के बीच लगभग हर दौर में अलग-अलग स्तर पर दोनों देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय लिखे जाते रहे। इसी क्रम में अगली कड़ी के तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री की मारीशस यात्रा को कई कारणों से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इसलिए भी कि दुनिया इस समय भू-राजनीति के एक जटिल दौर से गुजर रही है और इसमें आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर नए ध्रुव बन रहे हैं। ऐसे में भारत के रुख पर विकासशील देशों या 'वैश्विक दक्षिण' के साथ-साथ महाशक्ति माने जाने वाले देशों की भी नजर रहती है। यों जब शीतयुद्ध के दौरान दुनिया दो मुख्य ध्रुवों में बंटी हुई थी और कई देशों के नीतिगत फैसले भी उसी से तय होते थे, उस दौर में भी भारत की अहमियत जगजाहिर रही। अब पिछले कुछ समय से अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ दुनिया भर में बन रहे नए समीकरण के बीच भी भारत का रुख सभी देशों के लिए मायने रखता है। अच्छा यह है कि भारत ने महाशक्ति कहे जाने वाले से लेकर बाकी तमाम देशों के साथ अपने संबंधों को खास महत्त्व दिया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की ताजा मारीशस यात्रा के आखिरी दिन उन्नत रणनीतिक वझेदारी के लिए भारत- मारीशस का संयुक्त दृष्टिकोण' जारी किया गया, जो मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच खास और अनूठे संबंधों को रेखांकित करता है। इस दौरान बनी सहमति के तहत बुनियादी डांचा कूटनीति, वाणिज्य क्षमता निर्माण, वित्त, आवास, अपराध की जांच, समुद्री यातायात निगरानी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित बातचीत के जरिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इनमें भारत द्वारा मारीशस की नई संसद भवन का निर्माण भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों से चीन के रवैये के मद्देनजर रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहयोग को भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ मान कर साझेदारी के सफर को आगे बढ़ाना भी एक अहम कड़ी है। हालांकि मुक्त और सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र सुनिश्चित करने के मामले में साझा प्रतिबद्धता वाले देश के रूप में इन दोनों देशों को एक स्वाभाविक साझीदार माना जाता है। यही वजह है कि क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का सामना करने और व्यापक रणनीतिक हितों की सुरक्षा के लिए मिल कर काम करने का अपना पुराना संकल्प दोहराया। दरअसल, भारतीय विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में 'पड़ोस प्रथम' के तहत भी मारीशस का स्थान महत्त्वपूर्ण है। हिंद महासागर में मारीशस अपनी भौगोलिक अवस्थिति की वजह से भारत के लिए एक बेहद अहम रणनीतिक साझेदार है भारत को भी इसकी अहमियत का भान है, इसलिए मित्रता का स्वाभाविक दायित्व निभाने के साथ-साथ भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मारीशस में कई विकास योजनाओं में निवेश किया है। इस क्रम में दोनों देशों के बीच रिश्ते में एक गहराई भी आई है। रणनीतिक लिहाज से मारीशस की भारत के साथ बढ़ती घनिष्ठता से चीन का असहज होना स्वाभाविक ही है, क्योंकि बीते कुछ समय से चीन कई स्तर पर ऐसी गतिविधि जारी रखे हुए है, जिससे भारत को घेरा जा सके। उम्मीद की जा सकती है कि मारीशस के साथ भारत का संबंध अब एक नए अध्याय में प्रवेश करेगा, जिसमें नई वैश्विक परिस्थितियों के मुताविक रणनीतियां तय होंगी।

## असहिष्णुता के पांव

लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले चार स्तंभों में से एक को हमेशा राजसत्ता का प्रहार सहना पड़ा है। सत्ता का विरोध और उनकी कमियों को उजागर करने वाले पत्रकारों के प्रति असहिष्णुता नई बात नहीं। मगर एक लोकतांत्रिक देश में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर ऐसी स्थिति में कोई भी पत्रकार समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक की आवाज कैसे पहुंचा पाएगा? दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे पत्रकारों के सामने कहीं अधिक चुनौतियां हैं। सच्चाई उजागर करने पर उन्हें धमकियां मिलती हैं। कई बार सच की कीमत उन्हें जान देकर चुकानी पड़ती है। ऐसे में अभिव्यक्ति की आजादी स्वाभाविक रूप से बाधित होती है महिला पत्रकारों को भी ज्यादती का सामना करना पड़ता है। बुधवार को तेलंगाना में दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी इसलिए चिंता का विषय है कि हम कैसी परंपरा स्थापित कर रहे हैं। आनलाइन चैनल की दोनों पत्रकारों की गलती यह थी कि उन्होंने एक ऐसे नागरिक का साक्षात्कार लिया था, जो तेलंगाना सरकार से नाराज था। अगर कुछ अशोभनीय या असम्मानजनक था, तो इसका हल पत्रकारों की गिरफ्तारी नहीं है। सवाल है कि क्या महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी ही एकमात्र विकल्प था। जबकि मुद्दा चाहे कोई भी हो, नागरिकों की आवाज को अपने समाचार में जगह देना पत्रकार का आम दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा और जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। विगत कुछ दशकों में सत्ता का चरित्र इस कदर बदला है कि वह अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहती। असहिष्णुता इस कदर बढ़ रही है कि पत्रकार जब दायित्व निभाते हैं, तो कई बार उसे विरोधी मान कर उनका दमन किया जाता है। तेलंगाना में महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का जिस तरह इस्तेमाल किया गया, वह निराशाजनक है। लोकतंत्र की सेहत के लिए इसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। इस तरह की कार्रवाई से दुनिया में गलत संदेश जाता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है ।

# पुलिस की होली : कहीं जमकर खेले तो कहीं उड़े बहिष्कार के रंग



24 न्यूज अपडेट

धुरेली के बार आज सबको पुलिस वालों की होली का इंतजार था मगर इस बार कई जिलों में अपनी मांगों को लेकर पुलिसकर्मियों ने होली का बहिष्कार कर दिया। कुछ जिलों में कर्मचारी शामिल भी हुए लेकिन बहिष्कार के रंग सब पर भारी पड़ते नजर आए। इनकी प्रमुख मांग प्रमोशन और वेतन विसंगति को दूर करना है। राज्यभर की पुलिस लाइनों में होली के आयोजन की जमकर तैयारी की गई थी, डीजे और रंग तैयार थे लेकिन कई जिलों में पुलिस जवान इसमें शामिल ही नहीं होने पहुंचे। जयपुर, उदयपुर, अजमेर और कई अन्य जिलों में पुलिस लाइन और थानों में सन्नाटा पसरा रहा। उदयपुर पुलिस लाइन में तो साउंड सिस्टम तक वापस लौटाना पड़ा। हालांकि, कुछ जिलों में पुलिसकर्मियों ने एसपी के साथ होली खेली। कोटा में एसपी अमृता दुहन महिला पुलिसकर्मियों के साथ डीजे पर डांस करती नजर आईं। पाली में जवानों ने फायर ब्रिगेड की बौछार के साथ जश्न मनाया। भरतपुर और सवाई माधोपुर में भी एसपी ने कुछ पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली, लेकिन उपस्थिति कम रही। राजस्थान पुलिसकर्मियों की प्रमुख मांग डिपार्टमेंटल प्रोमोशन कमेटी के तहत पदोन्नति की है। अन्य विभागों की तरह पुलिस महकमे में भी नियमित डीपीसी होनी चाहिए ताकि कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल से एएसआई, एएसआई से एसआई और एसआई से सीआई पद पर प्रमोशन दिया जा सके। इधर, मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने ट्वीट कर पुलिसकर्मियों से आग्रह किया कि वे होली पूरे उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर समाधान करवाया जाएगा।

# नाथद्वारा में डोलोत्सव और बादशाह की सवारी का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा. पुष्टिमार्ग की प्रधानपीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में शुक्रवार को डोलोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में ठाकुरजी के चार राजभोग दर्शन खुले, और इस दौरान ठाकुरजी के सम्मुख गुलाल-अबीर उड़ाई गई। देशभर से आए श्रद्धालुओं ने इस रंगोत्सव में भाग लिया और डोलोत्सव का आनंद लिया। इस पावन अवसर पर गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु नाथद्वारा पहुंचे और इस भव्य आयोजन का साक्षी बने। बादशाह की सवारी निकली नगर भ्रमण पर नाथद्वारा में परंपरानुसार गुर्जरपुरा से मुगलाई पोशाक पहनकर बादशाह की सवारी निकाली गई। यह सवारी पूरे शाही लवाजमे के साथ नगर भ्रमण के लिए निकली और मंदिर की परिक्रमा की। सवारी जैसे ही श्रीनाथजी मंदिर के सूरज पोल पहुंची, वहां एक विशेष परंपरा निभाई गई, जो वर्षों से चली आ रही है।

### सीढ़ियों की सफाई की अनूठी परंपरा

सूरज पोल पर पहुँचकर बादशाह द्वारा अपनी दाढ़ी से सीढ़ियों को साफ करने की परंपरा निभाई गई। यह परंपरा संकेत करती है कि संसार में चाहे जितनी भी सत्ता और वैभव हो, वह प्रभु श्रीनाथजी के चरणों में समर्पित ही होती है। इसके बाद बादशाह की सवारी वापस मंदिर से रवाना हुई, जहां स्थानीय श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार बादशाह को खरी-खोटी सुनाई।

गुलाल धुलाई और फागोत्सव का समापन बादशाह की सवारी के बाद मंदिर में बड़े स्तर पर सफाई की गई, जिसमें पूरे मंदिर परिसर से गुलाल और अबीर को धोकर हटाया गया। यह परंपरा फागोत्सव के समापन का प्रतीक मानी जाती है, जो पिछले सवा महीने से जारी था। इस अवसर पर मंदिर के सेवायतों ने विशेष अनुष्ठान किए और ठाकुरजी को शुद्ध जल से अभिषेक कर उनकी शृंगार सेवा संपन्न की।

### इतिहास और परंपरा का गहरा संबंध

नाथद्वारा का डोलोत्सव और बादशाह की सवारी एक ऐतिहासिक और धार्मिक परंपरा का हिस्सा है। यह परंपरा 18वीं शताब्दी से चली आ रही है, जब भगवान श्रीनाथजी को मुगलों के आक्रमण से बचाने के लिए गोवर्धन से मेवाड़ लाया गया था। उस समय, मेवाड़ के राजपरिवार ने श्रीनाथजी को अपने अधिपति के रूप में स्वीकार किया और उनके सम्मान में यह सवारी आयोजित की जाने लगी।

# पारिवारिक विवाद से परेशान युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा:मधुमक्खियों ने हमला किया तो वापस नीचे उतरा, पुलिस ने हिरासत में लिया



24 न्यूज अपडेट

आसींद में पारिवारिक संपत्ति विवाद से परेशान होकर एक युवक शनिवार सुबह 9 बजे बीएसएनएल टावर पर चढ़ गया। ढाई घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। ऐसे में युवक नीचे उतरा आया। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार भीलों का खेड़ा निवासी सांवर भील (28) शनिवार सुबह 9 बजे टावर चढ़ गया। युवक का आरोप था कि उसके परिवार वाले उसे जमीन और पैसे नहीं दे रहे हैं। सूचना मिलते ही आसींद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। करीब ढाई घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान टावर पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले के बाद युवक को 11:30 बजे नीचे उतरना पड़ा। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया-यह पहली बार नहीं है जब सांवर ने ऐसा किया है। इससे पहले भी वह इसी मांग को लेकर दो बार टावर पर चढ़ चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 1008 वर्ग मीटर अवैध अफीम पोस्त की खेती जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, निम्बाहेड़ा। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयासों के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1008 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली अवैध अफीम पोस्त की खेती और 1.960 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीबीएन के अधीक्षक (निवारक) ने बताया कि यह कार्रवाई उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राजस्थान) नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई बुंदेल ने जानकारी दी कि एक विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर सीबीएन की चित्तौड़गढ़ और कोटा सेल की संयुक्त टीम ने गांव भुवानियाखेड़ी, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ में छापेमारी की। इस दौरान वहां अवैध अफीम पोस्त की खेती पाई गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर 1008 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली इस अवैध फसल को जब्त किया और 1.960 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की।

### अवैध अफीम नष्ट, एक गिरफ्तार

सीबीएन ने सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया और एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मामले की आगे जांच जारी है।

# भीलवाड़ा के तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जिले की साडास थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 5 किलो 190 ग्राम अफीम जब्त की। साथ ही, एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी भीलवाड़ा जिले का रहने वाला है।

साडास थानाधिकारी आजाद पटेल के नेतृत्व में थाना सर्कल में नाकाबंदी की जा रही थी। मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए एसपी सुधीर जोशी के आदेश पर पूरे जिले में अभियान चलाया जा रह है। गांव बडलिया तिराया पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान मंडपिया गांव की ओर से एक स्विफ्ट कार तेज रफ्तार से आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का इशारा किया। कार के नहीं रुकने पर पुलिस ने पीछा किया और उसे रुकवाया।

### शक होने पर ली तलाशी

शक होने पर कार की तलाशी ली गई। कार में एक कपड़े का थैला रखा हुआ था। खोलकर देखने पर उसमें 5 किलो 190 ग्राम अफीम मिली। नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम भीलवाड़ा निवासी प्रकाश चंद्र (30) पुत्र उदयराम जाट बताया। आरोपी के पास अफीम अपने पास रखने का किसी तरह का लाइसेंस नहीं था। इसपर पुलिस ने अवैध तस्करी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। इस कार्रवाई वाली टीम में हेड कांस्टेबल कैलाश चंद्र, कांस्टेबल बाबूलाल, राजकुमार, मखनलाल, अमीचंद और महेश गिरी शामिल थे।

# कार ने बाइक सवार 3 युवकों को मारी टक्कर



24 न्यूज अपडेट

तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार जीजा-साले सहित तीन युवकों की मौत हो गई ।ये तीनों अपने घर से सिजारे लिए खेत पर जा रहे थे। इस दौरान कार ड्राइवर ने टक्कर मार ददी। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया जहां ड्यूटी डॉक्टर ने इन्हें मृत घोषित कर दिया । इधर, घटना के बाद सुबह लोगों ने खाई में एक और युवक का शव देखा और पुलिस को सूचित किया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को मॉर्च्युरी में भिजवाया ।

**तेज रफ़्तार कार ने मारी टक्कर-** मामला बीगोद थाना क्षेत्र का है। होलिका दहन की रात थाना क्षेत्र के नया गांव के निकट बाइक सवार तीन युवकों को एक तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों बाइक पर सवार तीन में से दो युवक सड़क पर गिर गए जबकि इनका तीसरा साथी उछल कर करीब 30 फिट गहरी में गिर गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मोके पर इकट्ठा लोगों ने सड़क पर पड़े दोनों घायलों को 108 की मदद से भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भिजवाया जहां ड्यूटी डॉक्टर ने इन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने दोनों की पहचान रामस्वरूप ( 24 ) पिता शंकर लाल निवासी मालपुरिया थाना कोटडी और भैरू पिता शंभू भील (23 ) निवासी बीगोद के रूप में करते हुए इनके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया और इनके परिजनों को सूचित किया।परिजनों के आने के बाद दोनों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किए गए ।

# खेत में मिला युवक का शवः पैर पर चोट के निशान, हादसा या हत्या? जांच में जुटी पुलिस



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के गोगुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक का शव खेत में मिला। घटना ईसवाल के अमराजी का गुड़ा की है, जहां खेत में एनीकट के पास शव पड़ा मिला। मृतक के पैर पर चोट के निशान थे। सुबह खेत से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गोगुंदा थानाधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस माधव उपाध्याय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक की पहचान तेज सिंह राजपूत (27) के रूप में हुई है। घटना स्थल पर डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। युवक की हत्या की गई या फिर अन्य कारणों से मौत हुई है, इसे लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुटी है। पुलिस ने मृतक का शव गोगुंदा सरकारी हॉस्पिटल में रखवाया है। परिजनों को सूचना देते हुए आगे मामले में जांच की जा रही है।

# आयुष्मान योजना में बड़ा बदलाव: उम्र सीमा 60 वर्ष और इलाज की सीमा 10 लाख तक बढ़ाने का प्रस्ताव




**24 न्यूज़ अपडेट**

नई दिल्ली राज्यसभा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण समिति ने केंद्र सरकार को आयुष्मान भारत योजना में अहम सुधारों की सिफारिश की है। समिति चाहती है कि मुफ्त इलाज की उम्र सीमा 70 से घटाकर 60 वर्ष कर दी जाए और मौजूदा 5 लाख रुपये की सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाए।

प्रमुख सिफारिशें:

**उम्र सीमा में बदलाव:** अब 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नागरिक योजना के तहत कवर होंगे।

बीमा राशि बढ़ाने का प्रस्ताव: मौजूदा 5 लाख रुपये की जगह अब 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

बुजुर्गों को अधिक लाभ: फिलहाल 70 साल से ऊपर के बुजुर्ग ही योजना का लाभ ले सकते हैं, लेकिन नई सिफारिश के बाद अधिक लोग कवर होंगे।

योजना का विस्तार: पहले से शामिल 4.5 करोड़ परिवारों के साथ अब और भी ज्यादा जरूरतमंद लोग इसका लाभ ले सकेंगे।

## आयुष्मान भारत योजना: एक नजर में क्या है?

यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस योजना है। देश के 40% गरीब लोगों को हर साल 5 लाख तक का मुफ्त इलाज देने की सुविधा। 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई।

## किन बीमारियों का इलाज कवर होता है?

सभी प्रकार की गंभीर और पुरानी बीमारियां

भर्ती होने से 10 दिन पहले और डिस्चार्ज के बाद 10 दिन तक का खर्च, सर्जरी, मेडिकल टेस्ट, ऑपरेशन, दवाएं और ट्रांसपोर्ट खर्च

# आरओ-ईओ परीक्षा 2025: 20 मार्च से एडमिट कार्ड अपलोड, 23 मार्च को परीक्षा




**24 न्यूज़ अपडेट**

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा-2022 का पुनः आयोजन 23 मार्च 2025 को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 से 2 बजे तक होगी।

परीक्षा जिले की जानकारी और एडमिट कार्ड

अभ्यर्थी 16 मार्च 2025 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर अपने परीक्षा जिले की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

एडमिट कार्ड 20 मार्च 2025 को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

अभ्यर्थी आवेदन-पत्र क्रमांक और जन्म तिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

एसएसओ पोर्टल के Citizen Apps में उपलब्ध Recruitment Portal लिंक से भी प्रवेश-पत्र डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## परीक्षा के विशेष नियम और निर्देश

एक घंटे पहले मिलेगी एंट्री: परीक्षा केंद्र में प्रवेश परीक्षा शुरू होने से 60 मिनट पहले तक ही दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। ओएमआर उत्तर पत्रक में पांचवें विकल्प के लिए 10 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

**फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य:** अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) अनिवार्य रूप से लाना होगा। यदि आधार कार्ड पर फोटो स्पष्ट नहीं है, तो मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना होगा। प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाना अनिवार्य है। स्पष्ट फोटोयुक्त पहचान पत्र नहीं होने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## दलालों के झांसे में न आएं

परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का उपयोग करने पर आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत या किसी अन्य प्रकार का प्रलोभन देता है, तो इसकी सूचना आयोग कंट्रोल रूम नंबर – 0145-2635200, 2635212, 2635255 पर दें।

परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

# नर्सिंग ऑफिसर बनने का सुनहरा मौका! AIIMS NORCET 8 के लिए जल्द करें आवेदन, अंतिम तिथि नजदीक

**24 न्यूज़ अपडेट**

अगर आप नर्सिंग के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं तो आपके लिए एक शानदार अवसर है. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (NORCET 8 - 2025) के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. आवेदन करने की अंतिम तिथि नजदीक है, इसलिए इच्छुक और पात्र उम्मीदवार जल्द से जल्द http://aiimsexams.ac.in/ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर लें.

अंतिम तिथि: 17 मार्च 2025, शाम 5:00 बजे

## कौन कर सकता है आवेदन?

इस परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित पात्रता **मानदंडों को पूरा करना होगा:**

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग / बीएससी नर्सिंग की डिग्री होनी चाहिए, अथवा बीएससी (पोस्ट-सर्टिफिकेट) / पोस्ट-बेसिक बीएससी नर्सिंग पूरी की हो.उम्मीदवार का राज्य/भारतीय नर्सिंग काउंसिल के साथ नर्स और मिडवाइफ के रूप में पंजीकरण होना चाहिए. आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट मिलेगी.

# पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन शुरू, 31 जुलाई अंतिम तिथि



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन और सिफारिशों की प्रक्रिया आज, 15 मार्च 2025 से शुरू हो गई है। इन पुरस्कारों के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर ऑनलाइन नामांकन और सिफारिशें भेज सकते हैं।

## पद्म पुरस्कार: देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार 1954 में स्थापित किए गए थे, और इनकी घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान, लोक प्रशासन, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के पात्र हैं। हालांकि, सरकारी सेवकों (चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर) तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों को ये पुरस्कार नहीं दिए जाते।

## "पीपल्स पद्म" बनाने की पहल

सरकार पद्म पुरस्कारों को "पीपल्स पद्म" बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे योग्य व्यक्तियों के लिए नामांकन करें। स्व-नामांकन की भी अनुमति है। विशेष रूप से, महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगजन और समाज के कमजोर वर्गों में निस्वार्थ सेवा करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पहचानने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

नामांकन प्रक्रिया और आवश्यक विवरण

राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर नामांकन किया जा सकता है। नामांकन में 800 शब्दों का वर्णनात्मक उद्धरण (Citation) शामिल होना चाहिए, जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की असाधारण उपलब्धियों/सेवा का स्पष्ट उल्लेख हो।

विस्तृत जानकारी के लिए गृह मंत्रालय की वेबसाइट (https://mha.gov.in) के "पुरस्कार और पदक" अनुभाग या पद्म पुरस्कार पोर्टल (https://padmaawards.gov.in) पर विजिट करें। पुरस्कारों से संबंधित संविधि (statutes) और नियम https://padmaawards.gov.in/AboutAwards.aspx लिंक पर उपलब्ध हैं।

31 जुलाई 2025 से पहले नामांकन करें और भारत के असाधारण व्यक्तियों को सम्मान दिलाने में योगदान दें!

# भूमि विकास बैंकों के लिए राहत भरी योजना, किसानों को मिलेगी संजीवनी760 करोड़ रुपये के अवधिपार ऋणों की वसूली होगी आसान, 100% ब्याज माफी का लाभ5% ब्याज अनुदान योजना के तहत ऋण पुनः प्राप्त करने का अवसर - सहकारिता मंत्री




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूमि विकास बैंकों के ऋणों के लिए एकमुश्त समझौता (OTS) योजना लागू करने से किसानों और लघु उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही, यह योजना आर्थिक संकट से जूझ रहे भूमि विकास बैंकों के लिए भी संजीवनी साबित होगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सहकारी भूमि विकास बैंक वर्षों से किसानों और लघु उद्यमियों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराकर कृषि और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन बीते कुछ वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कारणों से कई किसान ऋण की किश्तें समय पर नहीं चुका सके, जिसके कारण इन बैंकों पर 760 करोड़ रुपये का अवधिपार ऋण बढ़ता चला गया। अब मुख्यमंत्री द्वारा घोषित इस एकमुश्त समझौता योजना के तहत 200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे ऋणों की वसूली सरल होगी और बैंकों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी। दक ने कहा कि राज्य सरकार के 'सुराज संकल्प' के तहत किसानों की भूमि नीलाम न करने का प्रावधान किया गया है। इसी के अंतर्गत भूमि विकास बैंकों द्वारा की जाने वाली नीलामी प्रक्रिया को भी स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को इस योजना की अपेक्षा थी और मुख्यमंत्री ने उनकी आशाओं को पूरा करते हुए यह बड़ा निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 1 जुलाई 2024 तक अवधिपार हो चुके मध्यकालीन और दीर्घकालीन ऋणधारकों को यदि वे अपने मूलधन की 100% राशि जमा करवा देते हैं, तो उन्हें अवधिपार ब्याज में 100% की छूट दी जाएगी।

सहकारिता मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना से प्रदेश के भूमि विकास बैंकों से जुड़े 36,351 अवधिपार ऋणी सदस्यों को शत-प्रतिशत ब्याज राहत का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, इन ऋणी सदस्यों को राज्य सरकार की 5% ब्याज अनुदान योजना के तहत नवीन कृषि और गैर-कृषि गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि वे पुनः मुख्यधारा में लौटकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

# जयपुर में सचिवालय कर्मी पर थार चढ़ाने की कोशिश:सरकारी गाड़ी को टक्कर मारी, शोर मचाकर भागे लड़के-लड़कियां



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर में सचिवालय के एक कर्मचारी पर थार चढ़ाकर मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। काली थार में सवार युवकों ने बैक लेकर कर्मचारी को कुचलना चाहा। सरकारी गाड़ी को टक्कर मारकर थार सवार लड़के-लड़कियां शोर मचाकर भाग निकले। अशोक नगर थाना पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन थार का सुराग नहीं लग सका। मामले की जांच SI घनश्याम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- जमवारामगढ़ के रानियावास निवासी मूलचंद शर्मा (50) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जो सचिवालय के निर्वाचन विभाग में सरकारी गाड़ी (इनोवा) पर ड्राइवर के पद पर तैनात है। बुधवार रात करीब 9 बजे वह सरकारी गाड़ी लेकर सेंट्रल पार्क के पास सर्विस रोड पर खड़े थे। स्टेच्यू सर्किल की ओर से एक काली थार स्पीड से स्टंट करती हुए टोंक रोड की ओर निकली। स्पीड देखकर टोकने पर थार जीप सवार थोड़ा आगे निकल कर रोका। बैक गियर में जानबूझकर मारने की नीयत से स्पीड में लेकर कुचलने की कोशिश की। उछलकर दूसरी साइड गिरने से जान बच गई। थार सवार ने स्पीड में बैक लेकर सरकारी गाड़ी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। उठकर पीछा करने पर वापस मारने की कोशिश करते हुए थार लेकर स्टेच्यू सर्किल की तरफ दौड़ा ले गए। काली थार में बैठी दो-तीन लड़कियां और दो-तीन लड़के शोर कर रहे थे। अशोक नगर थाने में पीड़ित ने थार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# 2 महीने बाद इलाज कराने जोधपुर लौटा आसाराम:एयरपोर्ट पर नारायण-नारायण बोला; आश्रम के लिए रवाना हुआ



**24 न्यूज़ अपडेट**

अंतरिम जमानत पर गुजरात गया आसाराम 2 महीने बाद जोधपुर लौटा है। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही आसाराम से अपने अनुयायियों और बाहर मौजूद मीडियाकर्मियों से नारायण-नारायण कहा और कार में बैठकर अपने आश्रम के लिए रवाना हो गया।

जानकारी के अनुसार आसाराम अपना इलाज कराने दोबारा लौटा है। शनिवार दोपहर 1:30 बजे इंदौर की फ्लाइट से आसाराम जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचा। यहां व्हील चेयर पर बैठकर एयरपोर्ट से बाहर आया। इस दौरान उसने एयरपोर्ट पर मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। बाद में कार में बैठते हुए नारायण-नारायण बोलकर रवाना हो गया। इस दौरान एयरपोर्ट पर उसके प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड भी मौजूद रहे। यहां से अपने पाल स्थित आश्रम रवाना हुआ।

बता दें कि 31 मार्च को उसकी अंतरिम जमानत की अवधि खत्म हो रही है। इसे लेकर आसाराम ने गुजरात हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है। जिसकी अगली सुनवाई 20 मार्च को है।

# राजस्थान उच्च न्यायालय: ग्रीष्मकाल में बदले न्यायालय और कार्यालय के समय




**24 न्यूज़ अपडेट**

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ग्रीष्मकाल के दौरान 15 अप्रैल से 27 जून तक राजस्थान उच्च न्यायालय एवं समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के कार्य समय में बदलाव किया गया है।

**उच्च न्यायालय का समय:**

न्यायालय समय: सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।

**मध्यांतर:** सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक।

कार्यालय समय: सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।

कार्यालय मध्यांतर: सुबह 10:30 बजे से 10:45 बजे तक।

अधीनस्थ न्यायालयों का समय:

**न्यायालय समय:** सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक।

**मध्यांतर:** सुबह 10:00 बजे से 10:15 बजे तक।

कार्यालय समय: सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।

कार्यालय मध्यांतर: सुबह 10:00 बजे से 10:15 बजे तक।

**चैंबर कार्य:** सभी पीठासीन अधिकारी सुबह 7:30 बजे से 8:00 बजे तक एवं दोपहर 12:30 बजे से 1:00 बजे तक अपने चैंबर्स में कार्य करेंगे।

# भाई साहब हैं तो मुमकिन है : रानी रोड़ की तरह विकसित हो पिछोला का रिंग रोड, झील की सीमा पर ही बनाएं रिंगरोड़ : कटारिया

## उदयपुर शहर विधायक ने ट्राईडेंट के पास बन रही कनेक्टिविटी रोड़ भी दिखाई



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने शनिवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के साथ हरिदासजी की मंगरी में बन रही कनेक्टिविटी रोड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान कटारिया ने पिछोला रिंग रोड़ का भी निरीक्षण किया। मौके पर कटारिया ने यूडीए के अधिकारियों से कहा कि पिछोला रिंग रोड़ भी रानी रोड़ की तरह हो ताकी पर्यटक यहां पर भी घूमने आ सकें। इस मौके पर यूडीए के अधिकारियों ने कटारिया को रिंग रोड़ बनाने में आ रही समस्याओं को बताया। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया शनिवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के साथ सुभाष चौराहा होते हुए हरिदासजी की मंगरी से होकर होटल ट्राईडेंट के पास बन रही कनेक्टिवीटी रोड़ का निरीक्षण करने के लिए पहुँचे। होटल ट्राइडेंट के पास में यूडीए ने 150 फीट लंबी और 40 फीट चौड़ी जमीन का अधिग्रहण कर यहां पर सडक़ बनाई जा रही है। यह सडक़ बनने के बाद मल्लातलाई की तरफ जाने वाले शहरवासियों और पर्यटकों को शहर के ट्रैफिक से नहीं होकर गुजरना होगा, वह दूधतलाई, जलबुर्ज, सीतामाता होते हुए मल्लातलाई तक पहुंच पाएंगे। वर्तमान में यहां पर सडक़ का काम हो रहा है। मौके पर पहुंचकर कटारिया ने पैदल चलकर यूडीए की ओर से बनाई जा रही सडक़ का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद यूडीए अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली। साथ ही कटारिया ने यूडीए के अधिकारियों को इस सडक़ को गुणवत्तापूर्वक बनाने के निर्देश दिए। यहां से कटारिया का काफिला पिछोला रिंग रोड़ की ओर पहुँचा, जहां पर रास्ते में जहां-जहां पर सडक़ कच्ची थी वहां पर कटारिया ने अपना काफिला रूकवाया और रिंग रोड़ पर पैदल चलकर निरीक्षण किया। साथ ही कटारिया ने यूडीए के अधिकारियों से रिंग रोड़ बनाने में आ रही समस्याओं के बारे में पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि कुछ जमीन निजी खातेदारी में है, जिससे रिंग रोड़ बनाने में परेशानियां आ रही है। इस पर कटारिया ने शहर विधायक ताराचंद को इस मामले में मंत्रालय स्तर पर कार्यवाही करने के लिए कहा। इसके साथ ही कटारिया ने अधिकारियों से पिछोला झील के लबालब होने पर झील की सीमा के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि झील की सीमा पर ही रिंगरोड़ को बनाया जाए। इस दौरान यूडीए से अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा, अधिशाषी अभियंता निर्मल सुथार, सहायक अभियंता राहुल चंदेरिया के साथ-साथ भाजपा नेता बलवीर सिंह दिग्पाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रणजीत सिंह दिग्पाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेश वैष्णव, पूर्व पार्षद महेन्द्र भगोरा, मुकेश शर्मा, धीरज ओड़ लोकेश कोठारी, भाजपा नेता कमलेश जावरिया, लक्ष्मण गमेती, रोशन तेली मौजूद थे।

रानी रोड़ की तर्ज पर विकसित हो पिछोला रिंग रोड़

इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने यूडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया पिछोला रिंग रोड़ भी रानी रोड़ की तरह बने, जहां पर पर्यटक आ सकें और सुकून महसूस कर सकें। इसके लिए कटारिया ने अधिकारियों से कहा कि जहां पर जगह हो वहां पर पार्क डवलप किया जाए और अच्छा रंगरोगन कर जगह-जगह पर कुर्सियां लगा दी जाए ताकी लोग बैठ सकें।

# स्वर्णकार समाज के सामूहिक ढूंढोत्सव में हार्टफुलनेस ध्यान से दिया आशीर्वाद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। होली के मौके पर श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज सेवा समिति और समाज के नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित 21 वें सामूहिक ढूंढोत्सव का आयोजन केटीएस वाटिका, मल्लाह तलाई चौराहा में आयोजित किया गया। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया समारोह के मुख्य अतिथि एवं शहर विधायक ताराचंद जैन विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर अनोखी पहल करते हुए सभी उपस्थित शिशुओं को हार्टफुलनेस ध्यान से आशीर्वाद मिला। समाज जनों को इस अवसर पर हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास करवाया गया। केंद्र समन्वयक डॉ राकेश दशोरा ने ध्यान करवाया, बहन आशा शर्मा ने रिलेक्सेशन करवाया और सुआ लाल मीणा आयकर अधिकारी और प्रशिक्षक ने हार्टफुलनेस एकात्म अभियान का परिचय दिया। इस ध्यान सत्र में उपस्थित लगभग 1200 स्त्री पुरुषों ने ध्यान का लाभ उठाया। गुलाब चन्द कटारिया ने ढूंढोत्सव पर स्वर्णकार समाज के सभी प्रबुद्ध जन का समाज सेवा और संगठित कार्यक्रम के लिए साधुवाद किया और उपस्थित बालक बालिकाओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने समाज के बच्चों विशेषकर बालिकाओं को उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक डॉ सुबोध शर्मा, श्री मोहन बोराणा, श्रीमति मंजू बोराणा और सुश्री रंजना का भी अभिनंदन किया। समारोह में गोविंद लाल अध्यक्ष सेवा समिति विशिष्ट अतिथि राम चंद्र रूनवाल, किशन लाल , महामंडलेश्वर ईश्वरी नंद गिरी, अरविंद सोनी आयकर विभाग, लोकेश जी, घनश्याम जी, विष्णु जी सहित समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# विद्युत चालित चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों का किया निशुल्क वितरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 15 मार्च। श्रीयादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार द्वारा विद्युत चालित चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों का निःशुल्क वितरण किया गया। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राहुल राज ने बताया कि बोर्ड द्वारा प्रजापति समाज भवन सेवाश्रम में उदयपुर में माटी कला कामगारों के लिए आयोजित कार्यक्रम में जिले से लॉटरी द्वारा चयनित व 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त 20 माटीकला कामगारों को मशीनों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति, सचिव कैलाश प्रजापति, जगदीश प्रजापति, गोपाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# वंडर सीमेंट लि. द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के विधार्थियों को किया प्रोत्साहित



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। वंडर सीमेंट लि. के CSR नीव इनिशिएटिव के तहत संचालित निःशुल्क कोचिंग में अध्ययनरत CET (Graduation एवं 12th Level) में चयन होने वाले 5 टॉपर विधार्थियों को आज दिनांक 13.03.2025 को वंडर सीमेंट लि. के *यूनिट हेड श्री नितिन जैन द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान श्री जैन ने बताया की वंडर सीमेंट लि द्वारा परियोजना के आरम्भ से ही क्षेत्र में शैक्षणिक उन्नयन हेतु निरंतर कार्य किये जा रहे है एवं वर्तमान में भी जारी है। वंडर सीमेंट रुरल डवलपमेंट सेन्टर में CET योग्यता प्राप्त विद्यार्थियों हेतु पटवार, ग्राम विकास अधिकारी, राजस्थान पुलिस तथा प्रवेश परीक्षाएं जैसे BSTC, PTET, CUET एवं अकादमिक कक्षाओं में RBSE बोर्ड परीक्षा, नवोदय, NMMS, NTSE जैसी विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क एवं नियमित तौर पर शैक्षणिक गुणवत्तायुक्त संचालित है।* जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यहां संचालित कोचिंग कक्षाओं के छात्रों का विभिन्न परीक्षाओं में चयन होना हैं। वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरुप एज्युकेशन किट उपलब्ध करवाया गया। जिसमें जी.के. गाईड बुक, नोट बुक सहित शैक्षणिक सामग्री, किट बेग शामिल हैं। साथ ही आगामी अप्रेल माह में वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में प्रथम बार 12th उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में CUET की कक्षाएं आरम्भ होने जा रही है। *CUET (कॉमन युनिवर्सिटी एन्ट्रेस टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा हे, जो राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी आयोजित करवाती है।* यह परीक्षा 287 से अधिक विश्वविद्यालयों में ग्रेजुऐशन, पोस्ट ग्रेजुऐशन, पीएचडी जैसे पाठ्क्रमों में प्रवेश के लिये आयोजित की जाती है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने का बाद छात्रों को भारत के बेहतरीन शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने का मोका मीलता है। इस परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग हेतु *वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में पंजीयन दिनांक 1 अप्रेल, 2025 से आरम्भ कर दिया जायेगा।*

# बिजली-पानी के सदुपयोग के साथ उपभोक्ताओं को सजग रहने के लिए किया प्रेरित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 15 मार्च। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शनिवार को पर ''टिकाऊ जीवन शैली की ओर उचित बदलाव'' थीम पर जिला कलक्टर सभागार में बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा उदयपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एडीजे शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को आधुनिक युग में नवीन तकनीकों को अपनाकर अपनी जीवनशैली का कायाकल्प किया जा सकता है, दैनिक जीवन में रोटी, कपड़ा एवं मकान को महत्वपूर्ण बताते हुए अपने सुस्वास्थ्य के लिए बाजार में प्रचलित फास्ट-फूड खाद्य पदार्थो से बचने की सलाह दी ताकि सेहत पर किसी प्रकार दुष्प्रभाव नही पड़े। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने उपभोक्ता हितार्थ जानकारी प्रदान करते हुए उपभोक्ताओं को सदैव सजग व सावधान रहने की बात कही। मारुति सेवा समिति के प्रमोद झंवर ने बताया गया कि उपभोक्ताओं को घर में ऊर्जा की खपत कम करने के सरल और किफायती तरीकों को अपनाने, जल संरक्षण, पर्यावरण के अनुकूल सफाई पर बल दिये जाने से दैनिक जीवन को उचित तरीके से व्यापन किया जा सकता है। येवन्ती कुमार बोल्या ने सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी देते हुए सोलर ऊर्जा को अपनाकर बिजली की बचत करने को कहा। डॉ. महेन्द्र सिंह ने युवा पीढ़ी को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागृत करने हेतु प्रेरित किया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल ने भी आज के दौर में उपभोक्ताओं को जागरूक रहने हेतु उपायोगी सुझाव दिए। इस दौरान मीरा गर्ल्स कॉलेज की छात्राए एवं रसद विभाग से प्रवर्तन अधिकारी डॉ. निशा मुन्दड़ा, मानसी पण्ड्या, प्रवर्तन निरीक्षक विशेष मीणा, डॉ. कोमल सिंह सोंलकी एवं राजेन्द्र सिंह राणावत वरिष्ठ सहायक भी उपस्थित रहें। अंत में संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी महेश चन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देष्य पर प्रकाष डालते हुए सप्ताह भर तक चलने वाले उपभोक्ता सप्ताह की जानकारी प्रदान की और सभी का आभार जताया।

# सर्व समाज महिलाओं ने मनाया फागोत्सव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर सर्व समाज महिला संगठन सी ब्लॉक सेक्टर 9 ने शिव मंदिर में शनिवार को फागोत्सव मनाया। मधुबाला पूर्बिया ने बताया कि सभी महिलाओं ने फागोत्सव में फागण्या पहनकर बढ़ चढ़कर कर भाग लिया। सभी ने एक दूसरे के गुलाल से तिलक लगाकर फूलों की होली खेली। फाग उत्सव में एक से बढ़कर एक गीतों का आनंद लेते हुए जमकर नाच गान किया और सभी महिलाओं पर फूलों की बरसात की गई। कार्यक्रम में प्रभा गिरी गोस्वामी,इंदूबाला पूर्बिया, मधुबाला पूर्बिया,किरण बाला वैष्णव, अनिता चौबीसा,नलीनी जोशी ,ज्योति व्यास, रचना पाहुजा, पारस राणावत,लाजवंती शर्मा, कंचन सोनी, मधु पाहुजा, आशा माथुर, पुष्पा पालीवाल, रेखा प्रजापत,उषा प्रजापत सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

# सांसद मन्नालाल रावत ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई होली, ढोल बजाकर खेली गेर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के नागरिकों, कार्यकर्ताओं व स्टाफ के साथ होली और रंगों का त्याहौर मनाया। कार्यकर्ताओं के साथ ढोल बजाकर उन्होंने होली का आनंद लिया। सांसद रावत ने शुक्रवार को सुबह टाउनहॉल में कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। इस मौके पर बडी संख्या में भाजपा व संघ के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सांसद रावत बाद में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के निवास पर गए और उन्हें गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद लिया। डॉ रावत ने अपने निवास पर भी काफी देर कार्यकर्ताओं के साथ होली का आनंद लिया। होली की मस्ती में उन्होंने ढोल बजाकर कार्यकर्ताओं के साथ थोडी देर गेर भी खेली। दोपहर में वे चाणक्यपुरी सेक्टर पांच गए जहां भाजपा राणा प्रताप मंडल की ओर से गार्डन में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शरीक हुए।

# नारायण सेवा में होलिका दहन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 15 मार्च। नारायण सेवा संस्थान में दो दिवसीय होलिकोत्सव के दूसरे दिन रात्रि को सेक्टर -4 स्थित मानव मंदिर प्रांगण में होलिका दहन सम्पन्न हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल ने दहन से पूर्व पूजा की। इस दौरान आस-पास सेक्टरों के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। जिन्होंने घर-परिवार में सुख व शांति की कामना की, बाद में सभी लोगों को मिठाई का वितरण किया गया।

# होलिका दहन के साथ रंगो व मस्ती से सरोबार हुआ वंडर सीमेंट का आर.के. नगर



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/रंगोत्सव होली पर वंडर सीमेंट लिमिटेड, निम्बाहेड़ा में यूनिट हेड नितिन जैन एवं वंडर यूफोरिया लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अरुणा जैन द्वारा विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। इस दौरान जैन ने सांस्कृतिक विरासत के रंगोत्सव के त्यौहार पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले दिनों में सभी के लिए अपार सफलता एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान आर.के.नगर वासियों ने संगीत की धुनों पर रंग, मस्ती एवं नृत्य के साथ होलिका दहन एवं धुलंडी का उत्सव मनाया।

धुलंडी के अवसर पर कंपनी के क्लब गार्डन में आयोजित उत्सव में यूनिट हेड सहित कम्पनी के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण एवं पाटनी पब्लिक स्कूल स्टॉफ तथा आर.के. नगर वासियों के लिए भव्य आयोजन रखे गए जिसमे जिसमे रस्सा कस्सी जैसे खेलों के साथ ही हास्य व्यंग के माहौल के बीच रंगो में सराबोर हो होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। बच्चों ने भी इस अवसर पर विभिन्न खेलों, स्वादिष्ट व्यंजनों और ठंडाई का भरपुर आनंद लेते हुए होली खेली।

# निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक 24 को

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 15 मार्च। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने व राजनैतिक दलों की सहभागिता के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) नमित मेहता की अध्यक्षता मे सोमवार 24 मार्च को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल आयोजित होगी। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी।




24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।